इग्नू
जन–जन का विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf Under OU Category
ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

6th Jan 2026 | RC– Varanasi

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

## Admission Promotion through media releases for January 2026 session

Regional Director Dr. UpendraNabhTripathi and Regional Centre Varanasi are regularly coordinating with print and electronic media andgot published regular press releases for January 2026 session in different districts under its jurisdiction.

### इग्नू के 300 से अधिक कोर्स का नामांकन शुरू

जागरण संवाददाता, वाराणसी : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के जनवरी सत्र 2026 के सभी कोर्सेज में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के क्षेत्रीय निदेशक डा. उपेन्द्र नभ त्रिपाठी ने बताया कि लगभग 300 से अधिक कोर्सेज में नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से घर बैठे पढ़ाई करने के लिए विद्यार्थी विभिन्न प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा, यूजी व पीजी डिग्री व कोर्सेज में नामांकन करा सकते हैं। इग्नू सौ से अधिक रोजगारपरक कार्यक्रमों में भी प्रवेश दे रहा है।

इच्छुक उम्मीदवार सीधे आनलाइन प्रवेश के लिए इग्नू के समर्थ पोर्टल पर जा सकते हैं। विभिन्न विषयों में प्रवेश शुल्क और योग्यता आदि की जानकारी के लिए अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विवरण प्राप्त किया जा सकता है।

### इग्नू : दाखिले के लिए 31 जनवरी तक नामांकन करवा सकेंगे विद्यार्थी

वाराणसी। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) में सत्र 2026 में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यूजी-पीजी और डिप्लोमा सहित 300 से अधिक कार्यक्रमों में 31 जनवरी तक विद्यार्थी नामांकन कर सकेंगे। इग्नू के लगभग 300 से अधिक कार्यक्रमों में जनवरी सत्र 2026 के लिए नामांकन शुरू हो गया है। क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक डॉ. उपेंद्र नभ त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे विद्यार्थी जो दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से घर बैठे विभिन्न प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के साथ 100 से अधिक रोजगारपरक कार्यक्रमों में नामांकन कराना चाहते हैं, वो इग्नू के समर्थ पोर्टल के लिंक के माध्यम से नामांकन करवा सकते हैं। हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज में चलने वाले अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. अनिल कुमार ने कहा कि ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 31 जनवरी तक चलेगी। ब्यूरो

**काम की खबर**

### इग्नू में सत्र 2026 के लिए नामांकन शुरू

इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत 300 से अधिक कार्यक्रमों में जनवरी सत्र 2026 के लिए प्रवेश नामांकन शुरू हो गए हैं। बीएचयू स्थित क्षेत्रीय केंद्र निदेशक प्रो. उपेंद्र नभ त्रिपाठी ने बताया कि अंतिम तिथि 31 जनवरी तक है।

### इग्नू कोर्सो मे आनलाईन प्रवेश का लिंक सार्वजनिक, के.एन.आई केन्द्र हेतु प्रवेश जारी

सुल्तानपुर न्यू गीतांजलि टाइम्स। के.एन.आई इग्नू अध्ययन केंद्र पर संचालित विभिन्न विषयो मे स्नातक परास्नातक डिप्लोमा सर्टिफिकेट व 65 रोजगारपरक कोर्सो मे आनलाईन प्रवेश जारी है। इन संचालित पाठ्यक्रमो मे जनवरी सत्र 2026 की प्रवेश प्रक्रिया जारी है जिसे इग्नू ने आनलाईन प्रवेश हेतु लिंक सार्वजनिक कर दिया है। प्रवेश की तिथि 16 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित है। यह जानकारी के.एन.आई इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक डॉ शक्ति सिंह ने दी है। इन्होंने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र वाराणसी के 19 जनपदों के 35 अध्ययन केंद्रो पर 210 से अधिक विभिन्न विषयों कार्यक्रमो मे प्रवेश का अवसर उपलब्ध है । कार्यक्रमों



### इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू में जनवरी सत्र में प्रवेश आरम्भ

न्यूज स्रोत

कुशीनगर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू में जनवरी सत्र में प्रवेश आरम्भ हो गया है। इग्नू भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है और इसके द्वारा चलाए जा रहे सभी पाठ्यक्रम मान्यता प्राप्त है । विभिन्न प्रकार की [illegible]



इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf
Under OU Category

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

**6th Jan 2026** | **RC– Varanasi**

**IGNOU Study Centre Coordinators are also actively coordinating with print and electronic media and getting IGNOU news published. Dr. AkankshaRai, Coordinator at IGNOU LSC 48011 DCSK Mau participated in phone-in "PrashnPahar" programme of "DainikJagran" on 23rd December 2025 a leading Hindi daily newspaper of Uttar Pradesh.**

# इग्नू के माध्यम से युवा ही नहीं नौकरी पेशा लोग भी कर सकते पढ़ाई

प्रश्न पहर

- दैनिक जागरण के प्रश्न पहर में छात्रों से रूबरू हुईं डीसीएसके महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. आकांक्षा
- नर्सिंग व फार्मेसी के छात्र भी अपनी पढ़ाई के साथ-साथ पोषण व स्वास्थ्य शिक्षा की पढ़ाई कर रहे पूरी



छात्रों के सवालों का जवाब देतीं डा. आकांक्षा राय।

**इन्होंने पूछे प्रश्न** : नसरीन अन्जुम, अनुष्का शर्मा घोसी, विकास राय इमिलिया, धर्मेंद्र सिंह परिया, रानी कुमारी, मझवारा, रोशनी मिश्रा मधुबन।

जागरण संवाददाता, मऊ : इग्नू के माध्यम से युवा ही नहीं नौकरी पेशा के लोग भी अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं और नौकरी में प्रोन्नति भी पा सकते हैं। इसमें सामान्य पढ़ाई के साथ-साथ अनेकों डिप्लोमा कोर्स भी चलाए जाते हैं। यह बातें मंगलवार को दैनिक जागरण कार्यालय में आयोजित प्रश्न पहर कार्यक्रम में डीसीएसके महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर व इग्नू अध्ययन केंद्र की समन्वयक डा. आकांक्षा राय ने कही। उन्होंने बताया कि इग्नू में बीए, एमए, बीएससी, एमएससी, बी-काम, एम-काम, बीएड, एमएड, एमबीए, एमसीए की पढ़ाई के साथ-साथ एक हजार से ज्यादा डिप्लोमा के कोर्स चलाए जाते हैं। बताया कि ऐसे युवा जो किसी कारण वश अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए हों और इसके चलते उन्हें नौकरी में प्रोन्नति नहीं मिल पा रही हो ऐसे युवा यहां से अपनी पढ़ाई पूरी कर नौकरी में प्रोन्नति भी पा सकते हैं।

बताया कि इग्नू में कुछ कक्षाओं को छोड़ कर अन्य सभी कक्षाओं की परीक्षा सेमेस्टर से नहीं होती, बल्कि उनकी परीक्षाएं अभी भी यहां वार्षिक ही होती हैं। बताया कि यूजीसी ने अब इस बात की भी मान्यता दे दी है कि कोई भी व्यक्ति एक वर्ष में एक साथ दो-दो कोर्स कर सकता है। इसके अतिरिक्त अगर किसी कारणवश उसकी परीक्षाएं छूट जाती हैं तो वह अगले वर्ष भी अपनी परीक्षा दे सकता है। बताया कि नर्सिंग व फार्मेसी के छात्र भी अपनी पढ़ाई के साथ-साथ पोषण व स्वास्थ्य शिक्षा की पढ़ाई पूरी कर रहे हैं। इससे उनको आगे चल कर नौकरी में प्राथमिकता मिलेगी। बताया कि इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य शिक्षा व मेडिकल आदि की एक वर्ष के तथा भोजन व पोषण में प्रमाण पत्र, आपदा प्रबंधन व ग्राम विकास का प्रमाण पत्र के कोर्स छह माह के होते हैं। इन प्रमाण पत्रों को प्राप्त कर युवा विभिन्न नौकरियों में प्राथमिकता पा सकते हैं। प्रस्तुत है बातचीत के कुछ अंश...

- इग्नू के माध्यम से डिप्लोमा कोर्सों के बारे में जानकारी कैसे प्राप्त करें। नौकरी के दौरान पढ़ाई करने के बारे में क्या सलाह है व समाज शास्त्र के माध्यम से कैरियर बनाने में क्या अवसर हैं ? आशीष प्रताप सिंह कल्पा।

– इग्नू के माध्यम से फार्मेसी, नर्सिंग, न्यूट्रीशियन व हेल्थ का डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से लोगों को पढ़ाने का अवसर प्रदान किया जाता है। समाज शास्त्र में परास्नातक करने के बाद पीजी, महिला आंगनबाड़ी, सीडीपीओ आदि की नौकरियों में प्राथमिकता मिलती है।

- गणित से एमएससी करने के लिए हमें अभी क्या करना होगा ? संतोष कुमार प्रजापति कोपागंज।

– इसके लिए इग्नू के वेबसाइट पर जाकर समर्थ पोर्टल पर पहले अपना पंजीकरण कर लें। इसके पश्चात प्रवेश पा सकते हैं।

- क्या इग्नू की डिग्री मान्य है। कहा जाता है कि इसकी पढ़ाई प्राइवेट होती है ? सुमित सिंह सल्लहपुर।

– इग्नू की पढ़ाई दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से होती है। यह प्राइवेट से अलग है। अब प्राइवेट नामांकन बंद कर दिए गए हैं, लेकिन इग्नू के पाठ्यक्रमों की मान्यता भारत के साथ-साथ विदेशों में भी है।

- इग्नू में प्रवेश कब लिया जा सकता है ? आनंद राय बलिया मोड़।

– इग्नू में प्रवेश दो सत्रों में होता है। पहला जुलाई से सितंबर माह तक तथा जनवरी से मार्च माह तक। वर्तमान में जनवरी सत्र का प्रवेश चल रहा है। जनवरी सत्र की परीक्षा सत्र की परीक्षा दिसंबर व जुलाई सत्र की परीक्षा जून में होती है।

- मुझे समाज शास्त्र से एमए करना है। क्या इसकी भी सेमेस्टर परीक्षाएं होती हैं ? काजल दक्षिण टोला।

– इसमें पाठ्यक्रम सेमेस्टर में है लेकिन परीक्षा वर्ष में एक बार होती है। यही नहीं अगर किसी कारण से वर्ष की परीक्षा भी छूट जाती है तो अगले वर्ष परीक्षा देने की सुविधा प्रदान की जाती है।

# रोजगार प्राप्ति के लिये सहायक हैं इग्नू के पाठ्यक्रम : प्राचार्य

**इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 31 जनवरी तक होगा प्रवेश**



प्रयागराज। इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के प्रवेश के लिए आनलाइन प्रवेश का लिंक ... प्रवेश कार्यक्रम 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। ...

# इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 31 जनवरी तक होगा प्रवेश



प्रयागराज। इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश का लिंक ... 31 जनवरी, 2026 तक ...

IG/PIU/DigiNews/Jan/120

इग्नू
जन–जन का विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf
Under OU Category

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

**6th Jan 2026** | **RC– Varanasi**

www.jagran.com

## इग्नू में प्रवेश के लिए स्कूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र की आवश्यकता अब नहीं

संसू, जागरण, प्रतापगढ़ : इग्नू में प्रवेश के लिए स्कूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं होती है। इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के प्रवेश के लिए आनलाइन प्रवेश का लिंक सार्वजनिक कर दिया है। प्रवेश कार्यक्रम 16 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। यह जानकारी बुधवार को एमडीपीजी कालेज के इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा. अभिषेक सिंह ने देते हुए बताया कि इग्नू में आवेदन की पूरी प्रक्रिया आनलाइन समर्थ पोर्टल पर की जाती है। प्रवेश के लिए अपार आइडी, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, फोटो और हस्ताक्षर के स्कैन प्रति की आवश्यकता होती है। एमडीपीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. शैलेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि इग्नू में परास्नातक पर्यावरण विज्ञान, एजुकेशन, साइकोलाजी, पत्रकारिता, एकल विषय स्नातक कोर्स में छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में प्रवेश लेते हैं, जो उनके रोजगार प्राप्ति के लिए सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि इग्नू के स्टडी मैटेरियल की साफ्ट कापी में प्राप्त करने पर फीस में 15 प्रतिशत छूट की व्यवस्था है। जन सूचना अधिकारी एवं इग्नू काउंसलर डा. सीएन पांडेय ने बताया कि जनपद प्रतापगढ़ में इग्नू अध्ययन केंद्र पर सक्रिय कार्यक्रमों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा स्नातक और परास्नातक स्तर के 51 कार्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है।


एमडीपीजी कालेज में इग्नू के संबंध में बुधवार को जानकारी देते प्राचार्य प्रो. शैलेंद्र कुमार मिश्र • जागरण

न्यायालय पारिवारिक न्यायालय प्रथम
स्थान जयपुर महानगर–प्रथम

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू में जनवरी सत्र में प्रवेश आरम्भ



कसया, कुशीनगर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू में जनवरी सत्र में प्रवेश आरम्भ हो गया है। इग्नू भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है और इसके द्वारा चलाए जा रहे सभी पाठ्यक्रम मान्यता प्राप्त हैं। विभिन्न प्रकार की नौकरियों को करने वाले लोग और घर रहकर पढ़ाई के इच्छुक लोगों के लिए इग्नू अच्छा विकल्प है।

इसमें परीक्षा का ढंग अभी भी वर्ष में एक बार का रहा है। विद्यार्थियों को वर्ष में बार बार कई परीक्षाएं देने की बाध्यता नहीं रहती। इग्नू के प्रत्येक पाठ्यक्रम के नोट्स भी विस्तृत होते हैं इसीलिए यह प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों की पहली पसंद है। इसमें एक सुविधा यह भी है कि एक साथ दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है। बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र में बी ए ऑनर्स और बी ए पास दोनों कोर्स में प्रवेश हो सकता है। बी कॉम, हिंदी, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, इतिहास, राजनीति शास्त्र, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन आदि में एमए (स्नातकोत्तर) में प्रवेश हो सकता है। उच्च शिक्षा में, अनुवाद में, परामर्श और पारिवारिक उपचार में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स किए जा सकते हैं। लैबोरेटरी टेक्नीक में, मार्गदर्शन में, शांति अध्ययन और विवाद प्रबंधन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम जैसे अनेक पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया जा सकता है। स्नातक के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों के लिए शुल्क में पचास प्रतिशत की छूट विश्वविद्यालय की ओर से है। उक्त जानकारी केंद्र के समन्वयक डॉ गौरव तिवारी ने दी।

इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf
Under OU Category

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

**6th Jan 2026** | **RC– Varanasi**

## इग्नू में 16 दिसंबर से शुरू होगा प्रवेश

जासं, ज्ञानपुर : काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र में जनवरी 2026 शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए तिथि घोषित कर दी गई है। केंद्र समन्वयक डा. विपुल कुमार ने बताया कि प्रवेश कार्य 16 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। अभ्यर्थी स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के साथ रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स में भी प्रवेश ले सकते हैं।

5 | JEEVAN EXPRESS
WEDNESDAY, 24 DECEMBER 2025

## IGNOU begins online admission process for January 2026 session

Mirzapur. Dr. Amit Kumar Singh, center coordinator at Indira Gandhi National Open University (IGNOU) Examination Center 2778, G.D. Binani PG College, Mirzapur, announced that the online admission process for the January 2026 session has begun. Interested candidates who have not been admitted to any college for some reason can apply.

Admission to IGNOU can be obtained through the link https://ignouadmission.samarth.edu.in. Re-registration is open in January 2026, with the deadline being January 15, 2026. Candidates who wish to complete a BA in a single subject to form a combination in graduation can also enroll in the CBCS program. IGNOU Study Centre 2778 offers admission to 32 programs, including BA, BCom, MA, MCom, BBA, and Diploma in Disaster Management. Students at IGNOU have the flexibility to pursue two courses simultaneously, change study centers, and take exams from any study center in the country. Mirzapur students can contact Dr. Amit Kumar Singh (Mobile number 9889788212) at the IGNOU Study Centre (code 2778) on any working day for more detailed information. Information regarding courses and admissions is also available on IGNOU's website, www.ignou.ac.in. Admission to BA and BCom courses is available with a 50 percent fee waiver for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. Students enrolled in IGNOU courses receive study materials at their addresses free of charge, without any additional fees. IGNOU's degree and certificate are universally accepted throughout the country. Young people who, for some reason, could not complete their studies and have entered the workforce can also complete their studies through IGNOU and get promotions in their jobs. This information was provided by Dr. Amit Kumar Singh, Coordinator-2778, IGNOU, G.D. Binani PG College, Mirzapur.

## इग्नू में प्रवेश के लिए 15 जनवरी तक कराएं पंजीकरण

संवाद न्यूज एजेंसी

### इग्नू में जनवरी 2026 सत्र के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

मिर्जापुर। जीडी बिनानी पीजी कॉलेज में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के परीक्षा केंद्र में जनवरी 2026 सत्र के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

ऐसे विद्यार्थी जिनका प्रवेश किसी कारणवश किसी भी महाविद्यालयों में नहीं हो पाया है। वे विश्वविद्यालय के लिंक के माध्यम से इग्नू में प्रवेश ले सकते हैं।

यह जानकारी देते हुए केंद्र समन्वयक डॉ. अमित कुमार सिंह ने बताया कि जनवरी 2026 में पुनः पंजीकरण हो रहा है। इसकी अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 तक है। ऐसे अभ्यर्थी जिनको स्नातक में एक विषय से बीए करना है, वे भी सीआरसीएस प्रोग्राम में प्रवेश ले सकते हैं।

इग्नू अध्ययन केंद्र 2778 पर विशेष रूप से बीए, बीकॉम, एमए, एमकॉम, बीबीए तथा आपदा प्रबंधन में डिप्लोमा जैसे 32 कार्यक्रमों में नामांकन की सुविधा उपलब्ध है।

इग्नू में एक साथ दो पाठ्यक्रम करने, अध्ययन केंद्र बदलने और देश में स्थित किसी भी अध्ययन केंद्र से परीक्षा देने जैसी सुविधाएं छात्रों को उपलब्ध है।

अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लिए 50 प्रतिशत शुल्क मुक्ति के साथ बीए, बीकॉम के पाठ्यक्रमों में प्रवेश सुविधा उपलब्ध है।

2

## इग्नू, स्नातक पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश शुरू

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के जीडी बिनानी पीजी कालेज केंद्र में वर्ष-2026 के लिए ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालयों में प्रवेश से वंचित अभ्यर्थी आवेदन कर प्रवेश ले सकते हैं। अंतिम तिथि 15 जनवरी निर्धारित है।

इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf
Under OU Category

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

6th Jan 2026 | RC– Varanasi

# एचआरपीजी में संचालित होंगी इग्नू की कक्षाएं

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2026 में इग्नू द्वारा संचालित दूरस्थ शिक्षा की शुरुआत होगी। इस संबंध में इग्नू के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी से सारी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इमहाविद्यालय में इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने जनवरी 2026 सत्र के प्रवेश के लिए उद्घोषणा की है। साथ ही आनलाइन प्रवेश का लिंक सार्वजनिक कर दिया है। कार्यक्रमों की जानकारी इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in अथवा revaranasi.ignou.ac.in पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

प्राचार्य प्रो. ब्रजेश त्रिपाठी ने कहा कि संतकबीरनगर जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे जिले के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि इग्नू में आवेदन की पूरी प्रक्रिया आनलाइन तरीके से समर्थ पोर्टल पर की जाती है। प्रवेश हेतु वेबसाइट ignouadmission.samarth.edu.in पर जाकर सबसे पहले न्यू रजिस्ट्रेशन टैब पर क्लिक करके लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाया जाता है। तत्पश्चात निर्देशानुसार अन्य सभी फॉर्म विवरण को लॉगिन करके पूर्ण किया जा सकता है। प्रवेश हेतु अपार आइडी, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, फोटो और हस्ताक्षर के स्कैन प्रति की ही आवश्यकता होती है।

## इग्नू में प्रवेश की अन्तिम तिथि 15 जनवरी तक

**वाराणसी ( परफेक्ट मिशन )।** श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र 48033 में शैक्षिक सत्र जनवरी 2026 में दाखिले की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस सम्बन्ध में इग्नू अध्ययन केंद्र की समन्वयक में प्रोफेसर मिथलेश सिंह ने बताया कि स्नातक स्तर पर बीए एवं बीकॉम, स्नातकोत्तर स्तर पर एमए (इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र), एमकाम, एमएससी और विभिन्न विषयों में सर्टिफिकेट डिप्लोमा, पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 तक की गई है। उन्होंने बताया कि सत्र जनवरी 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन चल रही है। इग्नू में प्रवेश के उपरांत अध्ययन सामग्री विद्यार्थियों को मुफ्त उपलब्ध है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए प्रवेश निशुल्क है। ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त कर प्रवेश ले सकते हैं। किसी भी अन्य जानकारी के लिए इग्नू अध्ययन केंद्र 48033 श्री अग्रसेन पीजी कॉलेज वाराणसी से संपर्क कर सकते हैं।

## इग्नू में आवेदन की प्रक्रिया 31 जनवरी तक

जौनपुर (अमर विचार ब्यूरो)। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के प्रवेश के लिए उद्घोषणा करते हुए आनलाइन प्रवेश का लिंक सार्वजनिक कर दिया है। यह प्रवेश कार्यक्रम 16 दिसंबर, 2025 से शुरू होकर 31 जनवरी, 2026 तक चलेगा। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के अंतर्गत 19 जनपदों में 35 सक्रिय अध्ययन केंद्रों पर लगभग 210 तरह के विभिन्न विषयों कार्यक्रमों में प्रवेश के अवसर उपलब्ध हैं। कार्यक्रमों की जानकारी इग्नू की पर जाकर प्राप्त की जा सकती है इग्नू में आवेदन की पूरी प्रक्रिया आनलाइन तरीके से समर्थ पोर्टल पर की जाती है। प्रवेश हेतु अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर सबसे पहले न्यू रजिस्ट्रेशन टैब पर क्लिक करके लॉगिन आइडी और पासवर्ड बनाया जाता है। तत्पश्चात निर्देशानुसार अन्य सभी फॉर्म विवरण को लॉगिन करके पूर्ण किया जा सकता है। प्रवेश हेतु अपार आइडी, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, फोटो और हस्ताक्षर के स्कैन प्रति की ही आवश्यकता होती है।

इग्नू में प्रवेश के लिए स्थानांतरण प्रमाणपत्र अथवा माइग्रेशन प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं होती है। फीस जमा करने के लिए किसान अपने ही एटीएम, यूपीआई नेट बैंकिंग का ही प्रयोग करें। प्रवेश त्रुटि व होने की दशा में पूर्ण फीस वापसी का प्राविधान है किन्तु प्रवेश कन्फर्म होने की दशा में 60 दिवस के भीतर निरस्तीकरण कराने पर फीस में नियमानुसार कटौती कर फीस वापसी का प्राविधान किया गया है। जौनपुर जनपद में इग्नू अध्ययन केंद्र- 48017, तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर पर संचालित कार्यक्रमों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा स्नातक और परास्नातक स्तर के बीए, एमए, (समस्त विषयों में) बी कॉम, एम कॉम एवं प्रमुख व्यावसायिक कार्यक्रम में प्रवेश लिया जा सकता है।

## इग्नू में आवेदन की प्रक्रिया 31 जनवरी तक

[illegible]